दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र :- 2024-25

अभ्यास कार्य पत्र -4

माह:- नवंबर

कक्षा:- सातवीं

विषय:- हिंदी

प्र॰1:-निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए :-

हमारे देश के त्योहार चाहे धार्मिक दृष्टि से मनाए जा रहे हों या नए वर्ष के आगमन के रूप में, फसल की कटाई एवं खलिहानों के भरने की खुशी में हों या महापुरुषों की याद में, सभी अपनी विशेषताओं एवं क्षेत्रीय प्रभाव से युक्त होने के साथ ही देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखंडता को भी मज़बूती प्रदान करते हैं। ये त्योहार जहाँ जनमानस में उल्लास, उमंग और खुशहाली भर देते हैं, वहीं हमारे अंदर देशभक्ति एवं गौरव की भावना के साथ-साथ विश्व-बंधुत्व एवं समन्वय की भावना बढ़ाते हैं। इनके द्वारा महापुरुषों के उपदेश हमें बार-बार इस बात की याद दिलाते हैं कि सद्विचार और सद्भावना द्वारा ही हम प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं। इन त्योहारों के माध्यम से हमें यह भी शिक्षा मिलती है कि वास्तव में धर्मों का मूल लक्ष्य एक ही है। धर्म उस लक्ष्य तक पहुँचने के अलग-अलग तरीके हैं।

1. सद्भावना और सद्विचार के द्वारा हम क्या कर सकते हैं?

क) प्रगति की ओर बढ़ सकते हैं

ख) शिक्षा में सफल हो सकते हैं

ग) खेल की भावना जागृत कर सकते हैं

2 त्योहार मानव के अंदर क्या भर देता है?

क) दुख

ख) उमंग और खुशहाली

ग) परेशानियाँ

3. देश की राष्ट्रीय एवं सांस्कृतिक एकता और अखंडता को कौन मजबूती प्रदान करते हैं?

क) त्योहार

ख) शिक्षा

ग) भजन

4. त्योहारों के माध्यम से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

5. उपर्युक्त गठ्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

प्र॰2:- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

क)आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

ख) घमंडी की आँख से तिनका निकालने के लिए उसके आस-पास के लोगों ने क्या किया ?

प्र॰3:-निर्देशानुसार उत्तर लिखिए:-

क) विशेषण के ....भेद होते हैं। (रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए)

ख) राधा ने <u>लाल</u> कमल खरीदा । (रेखांकित विशेषण शब्द का भेद लिखिए)

ग) १) मोहन दो किलो सेब लाया हैं । (विशेषण शब्द रेखांकित करें और उसके भेद का नाम लिखिए)

२) यह घर मेरे दोस्त का है।

प्र०4:-मोटर साइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए पुलिस अधिकारी को 60-70 शब्दों में पत्र लिखिए।

प्र०5:-परीक्षा में प्रथम आने के प्रयास में जुटे दो मित्रों के मध्य होने वाले संवाद को 8 से 10 पंक्तियों में लिखिए।

प्र०6:-**निम्नलिखित विषय पर 60-70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

विज्ञापन का युग

संकेत बिंदु

- **विज्ञापन क्या है**
- विज्ञापन का महत्व
- विज्ञापन से लाभ
- विज्ञापन की कुछ खामियाँ